CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार


# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 236 रायपुर, शुक्रवार 18 सितंबर 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 3 मासूम सहेलियां तालाब में डूबीं, मौत

**कोरबा, 18 सितंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में तालाब में नहाने गई तीन बच्चियां गहराई में डूब गईं. मृतकों की पहचान इंदु (7 वर्षीय), राखी (8 वर्षीय) और साधना (8 वर्षीय) के रूप में हुई है. तीनों बच्चियां एक ही बस्ती की रहने वाली थीं और आपस में सहेलियां थीं। दरअसल उस दिन तीनों बच्चियां स्कूल नहीं गई थीं और घर पर ही थीं. उनके परिजन काम पर गए हुए थे. कल दोपहर के समय तीनों तालाब में नहाने गई थीं. काफी देर तक वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई. परिजन और ग्रामीण तालाब पर पहुंचे तो किनारे पर तीनों बच्चों के कपड़े और चप्पल मिले. इसी दौरान तालाब में इंदु का शव तैरता हुआ दिखाई दिया. संदेह गहराने पर तालाब में खोजबीन शुरू की गई। जानकारी के मुताबिक, तीनों बच्चियां स्कूल जाने के बजाय तालाब में नहाने चली गई थीं. इसी दौरान गहरे पानी में सभी डूब गईं. स्कूल से नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की. पता चला कि तीनों तालाब गईं थी. इसके बाद अलगू तालाब में उन्हें ढूंढने के प्रयास शुरू किया गया।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई. सूचना मिलते ही पाली थाना प्रभारी मनोज कौशिक स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस और ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर तलाश शुरू की. काफी मशक्कत के बाद राखी और साधना के शव भी बरामद कर लिए गए। बताया जा रहा है कि जब तीनों सहेली नहाने गईं, उस दौरान तालाब पर कोई नहीं था. तालाब के पास ग्रामीण ने शव तैरता देखा. उसके बाद भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई. प्रारंभिक जांच में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है. पुलिस मामले की जांच कर रही है। पाली थाना प्रभारी मनोज कौशिक ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची. तीनों बच्चियों के शव बरामद कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

## बातचीत कर रहे 3 लोगों को मालवाहक ने मारी टक्कर, दो भाइयों की हुई मौत

**बिलासपुर, 18 सितंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ने घर के सामने खड़े होकर बातचीत कर रहे तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा बिल्हा थाना क्षेत्र के भटगांव में हुआ है। तीनों लोग घर के सामने खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान



तेज रफ्तार मालवाहक वाहन वहां से गुजरा और अनियंत्रित होकर तीनों को रौंद दिया। हादसे में दो भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद मालवाहक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिल्हा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है।

### पासपोर्ट नियमों में बड़ा बदलाव

## 15 साल से कम उम्र के बच्चों के पासपोर्ट नियम बदले, नई फीस और तत्काल दरें लागू

**नई दिल्ली, 18 सितंबर (न्यूज चैनल)।** पासपोर्ट नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट नियमों में बदलाव की जानकारी दी है। इससे बच्चों के पासपोर्ट की वैलिडिटी में बदलाव हुआ है और पासपोर्ट से जुड़ी अलग-अलग सेवाओं के लिए बदली हुई फीस का स्ट्रक्चर तय किया गया है। पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026, 15 सितंबर को ऑफिशियल गजट में पब्लिश होने के बाद लागू हो गए। इनमें से एक अहम बदलाव 15 साल से कम उम्र के बच्चों को जारी होने वाले पासपोर्ट से जुड़ा है। संशोधित नियमों के तहत, 15 साल से कम उम्र के बच्चे को जारी किए गए 36-पेज वाले सामान्य पासपोर्ट की वैलिडिटी जारी होने की तारीख से पांच साल या बच्चे के 18 साल का होने तक (जो भी पहले हो) होगी। नियमों के मुताबिक, पासपोर्ट से जुड़ी अलग-अलग सेवाओं के लिए फीस, पासपोर्ट नियम 1980 की अनुसूची ढ्ढ्ढ में बताई गई दरों के हिसाब से होगी।

बता दें कि फीस में बदलाव पहले ही 1 जुलाई से लागू हो चुके थे, जिसमें नए पासपोर्ट, दोबारा जारी करने, तत्काल




सेवाओं और पासपोर्ट बदलने के लिए ज़्यादा चार्ज लागू थे। ऑफिशियल पासपोर्ट सेवा पोर्टल पर 36 पेज पासपोर्ट (सामान्य) के लिए 2,500 रुपए और 60 पेज पासपोर्ट के लिए 3,500 रुपए देने होंगे। वहीं नाबालिगों सामान्य कैटेगरी में 36-पेज वाले पासपोर्ट की कीमत 1,750 रुपये है। उसी एप्लीकेशन के लिए 2,500 रुपये की अतिरिक्त तत्काल फीस लगती है और पोर्टल पर पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के लिए 750 रुपये की फीस भी बताई गई है। एडल्ट्स के लिए, अतिरिक्त तत्काल फीस 2,500 रुपये है, जिसका मतलब है कि तत्काल कैटेगरी में 36-पेज वाले एडल्ट पासपोर्ट की कुल कीमत 5,000 रुपये है, जबकि 60-पेज वाले पासपोर्ट की कीमत 6,000 रुपये है।

### ब्रेकिंग न्यूज

#### निठारी कांडः आरोपी रहे सुरेंद्र कोली ने की खुदकुशी, हरिद्वार में कुछ दिन से चाय की दुकान चला रहा था

**नई दिल्ली, 18 सितंबर (न्यूज चैनल)।** चर्चित निठारी कांड के आरोपित रहे सुरेंद्र कोली ने हरिद्वार में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कोली कुछ दिन से हरिद्वार में चाय बेचने का काम कर रहा था। उसका शव चाय की दुकान में रस्सी के सहारे फंसे पर लटका मिला है। पुलिस ने अल्मोड़ा निवासी स्वजनों को सूचना देकर हर एंगल से जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र पिछले कुछ समय से भूपतवाला क्षेत्र की एक झुग्गी में रह रहा था और पास में ही चाय का खोखा लगाकर गुजर-बसर कर रहा था। शुक्रवार सुबह आसपास के लोगों को खोखे के अंदर कुछ संदिग्ध प्रतीत हुआ। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सत्ता में आने के पहले क्या थे मोदी- संघ से कैसे जुड़े वडनगर के नरेंद्र, मुख्यमंत्री बनने तक का सफर कैसा रहा? पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो अंदर एक व्यक्ति फंदे से लटका मिला।




**चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी तो हमेशा तेल बचाओ तेल बोल रहे थे..!**

**चुहिया- हां जी, लेकिन वो तो पेट्रोल-डीजल को बोल रहे थे सरसों तेल को थोड़े ही बोल रहे थे..!**

## पाटन चुनाव विवादः भूपेश बघेल को हाईकोर्ट से झटका, आवेदन हुआ खारिज

**बिलासपुर, 18 सितंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के पाटन विधानसभा चुनाव से जुड़े मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से दायर आवेदन को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। पाटन विधानसभा से बतौर भाजपा प्रत्याशी चुनाव हारने के बाद विजय बघेल ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चुनाव याचिका दायर की है।

भूपेश बघेल की ओर से चुनाव याचिका को शुरुआती स्तर पर निरस्त करने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7 नियम 11 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। कोर्ट ने इस आवेदन पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश के लिए गुरुवार 17 सितंबर की तिथि तय की थी। आज कोर्ट ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के आवेदन को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब याचिकाकर्ता विजय बघेल की चुनाव याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी। 10 सितंबर को चुनाव याचिका की पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता सांसद विजय बघेल और उनके गवाह सौरभ दुबे अपने साक्ष्य दर्ज कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित थे, लेकिन पूर्व सीएम भूपेश बघेल की ओर से दाखिल आवेदन के कारण उनका साक्ष्य दर्ज नहीं हो सका था। इस मामले में अब आगामी 5 अक्टूबर से गवाही की प्रक्रिया शुरू होगी।

## फसल की रखवाली करने गया था खेत, करंट की चपेट में आने से मौत

**तखतपुर, 18 सितंबर (हाईवे चैनल)।** धान की फसल को आवारा मवेशियों से बचाने के लिए खेत की रखवाली करने निकले किसान की अवैध इलेक्ट्रिक फेंसिंग की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना ने न केवल खेतों में लगाए जा रहे विद्युत तारों की सुरक्षा व्यवस्था, बल्कि हादसे के बाद की कार्रवाई को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मृतक गंगाराम कोल, ग्राम पेंड्री निवासी, चनाडोंगरी में खेत की चौकीदारी करने गया था। बताया जा रहा है कि रात करीब 7 बजे वह जिस खेत में फसल की रखवाली कर रहा था, उससे लगे दूसरे किसान के खेत में



आवारा मवेशियों को रोकने के लिए लगाए गए विद्युत तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी किसान महेंद्र कौशिक के अनुसार, दोनों किसान अलग-अलग स्थानों पर फसल की रखवाली कर रहे थे। आवाज लगाने पर जब गंगाराम की ओर से कोई जवाब नहीं मिला, तो महेंद्र उसे देखने पहुंचा। वहां पहुंचते ही उसे भी हल्का करंट लगा। किसी तरह बचकर आगे बढ़ा तो गंगाराम जमीन पर अचेत पड़ा था और उसके पैरों में विद्युत तार लिपटा हुआ था। महेंद्र ने इसकी सूचना अपने बड़े भाई को दी, जिसके बाद कोटवार को जानकारी देकर तखतपुर थाने में सूचना दी गई।

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को देखने के बाद वापस लौट गई। आरोप है कि रातभर शव खेत में पड़ा रहा और घटनास्थल पर विद्युत प्रवाह को लेकर भी कोई तत्काल कार्रवाई नहीं हुई।

## 5 लाख की सुपारी देकर ससुर का कत्ल! दामाद और झारखंड के 2 आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर, 18 सितंबर (हाईवे चैनल)।** शहर के रसूलपुर इलाके में घर घुसकर चाकू मारकर 70 साल के एलआईसी एजेंट बशीरुद्दीन सिद्दीकी की हत्या मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है. आरोपी दामाद नाजीम सबा समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. हत्या के लिए 5 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी, जिसमें 10 हजार रुपये एडवांस में दिए गए थे।

चाकू से हमले में घायल बशीरुद्दीन की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. हमले के बाद पुलिस ने धारा 109(1), 3(5), 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया था. मौत के बाद धारा में 103 अतिरिक्त जोड़ी गई. जांच के दौरान मृतक की बेची सादिया शारीन सिद्दीकी ने पुलिस को बताया कि उनका पति नाजिम सबा के साथ कोर्ट में तलाक का केस चल रहा है. पूर्व में पति ने मायके पक्ष वालों को केस वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी. इसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया।

मामले की जांच में सामने आया कि आरोपी दामाद नाजिम सबा ने अपने ससुर बसीरूद्दीन की हत्या के लिए 5 लाख रुपये की सुपारी दी थी. पुलिस ने बताया कि चेनपुर पलामु के कंचन कुमार और अन्य आरोपियों को अंबिकापुर बुलाने के बाद उनके ठहरने की व्यवस्था की थी। घटना वाले दिन (16 सितंबर) को निजारूद्दीन की हत्या की पूरी प्लानिंग की गई. इसके बाद कंचन और अन्य दो आरोपी हथियार से लेस होकर बाइक में बसीरूद्दीन के कर पहुंचे. वह किराए का मकान देखने के बहाने घर पहुंचे थे. कुछ देर में आरोपियों ने बसीरूद्दीन पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया. घटनास्थल के पास ही बाइक को छिपाने के बाद सभी भाग निकले। पुलिस ने आरोपी कंचन के निशानदेही पर बाइक, खून से सना कपड़ा और बस टिकट जब्त किया. मामले में अन्य आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

## खारून नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**दुर्ग, 18 सितंबर (हाईवे चैनल)।** रानीतराई थाना क्षेत्र के ग्राम ओदरागहन में खारून नदी में डूबे 38 वर्षीय व्यक्ति का शव एसडीआरएफ दुर्ग की टीम ने सघन रेस्क्यू अभियान चलाकर बरामद कर लिया। नदी में तेज बहाव और अधिक गहराई के बीच एसडीआरएफ के एक्सपर्ट डीप डाइवर्स ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।

खारून नदी में डूबे 38 वर्षीय युवक का शव बरामद, एसडीआरएफ के एक्सपर्ट डीप डाइवर्स ने चलाया सघन रेस्क्यू अभियान, कड़ी मशक्कत के बाद शव पानी से निकाला गया डूबे 38 वर्षीय युवक का शव एसडीआरएफ दुर्ग की टीम ने सघन रेस्क्यू अभियान चलाकर बरामद कर लिया। नदी में तेज बहाव और अधिक गहराई के बीच एसडीआरएफ के एक्सपर्ट डीप डाइवर्स ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार, 17 सितंबर



2026 की रात करीब 8 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि ग्राम ओदरागहन में खारून नदी में एक व्यक्ति डूब गया है। सूचना मिलते ही जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी दिनेश कुमार रावटे के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम को तत्काल रवाना किया गया। टीम ने 18 सितंबर की सुबह करीब 5.30 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। खारून नदी में तेज बहाव और गहराई के कारण रेस्क्यू टीम के सामने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां थीं। इसके बावजूद एसडीआरएफ के एक्सपर्ट डीप डाइवर्स राजकुमार यादव और ओंकार ने नदी में उतरकर सघन तलाशी अभियान चलाया। काफी देर तक चले अभियान के बाद टीम ने डूबे व्यक्ति का शव खोज निकाला और उसे पानी से बाहर निकाला। बरामद शव की पहचान सुरेंद्र कुमार यादव, उम्र 38 वर्ष, पिता फिरंका यादव, निवासी ग्राम तर्रागोंदी, थाना भखारा, जिला धमतरी के रूप में हुई। रेस्क्यू के बाद शव को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

## बीच हवा फ्लाइट में जबरदस्त हुई मारपीटः यात्रियों के बीच चले लात-घूंसे, टी-शर्ट फटी

**नई दिल्ली, 18 सितंबर (न्यूज चैनल)।** विमान बांग्लादेश एयरलाइंस की एक फ्लाइट में हवा के दौरान दो यात्रियों के बीच अचानक हिंसक झड़प हो गई। सफर के दौरान शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई, जिससे पूरे केबिन में हड़कंप मच गया और साथ यात्रा कर रहे बच्चे और बुजुर्ग सहम गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दो लोगों के बीच तीखी बहस हुई जो उड़ान के दौरान मारपीट में बदल गई। बताया जा रहा है कि इस हंगामे से बच्चों और बुजुर्गों समेत सभी यात्री घबरा गए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस घटना के वीडियो में दोनों यात्रियों को बहस करते और फिर मारपीट करते देखा जा सकता है। वे एक-दूसरे को मारते हुए दिख रहे हैं और हाथापाई के दौरान एक यात्री की टी-शर्ट भी फट जाती है। यह लड़ाई तब तक जारी रही जब तक कि केबिन क्रू के सदस्यों और अन्य यात्रियों ने बीच-बचाव करके दोनों को अलग नहीं कर दिया। वीडियो में अचानक हुई इस हिंसा पर यात्रियों की प्रतिक्रिया और केबिन के अंदर मची अफरातफरी भी दिखाई दे रही है।

## एनएच पर डिवायडर किनारे जमी है धूल की परत, स्वच्छता के अभाव में बढ़ी धूल की समस्या

### सड़क किनारे स्थित घरों, दुकानों में रोजाना जम रही धूल की मोटी परत, छतो पर कपड़े, सामाग्री सुखवाना हुआ मुश्किल

**धमतरी, 18 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** शहर के मुख्य मार्गो पर इन दिनों चलना मुश्किल हो गया है। यदि राज्य व राष्ट्रीय हाईवे मार्ग पर थोड़ी ही दूर चले तो धूल से सराबोर होना ही पड़ेगा धूल की समस्या ऐसी बढ़ी है कि कुछ मीटर की दूरी से भी मार्ग स्पष्ट नजर नहीं आता। धूल की समस्या में अब शहरवासी परेशान हो चुके है और नगर निगम से राहत दिलाने की मांग कर रहे है। मुख्य मार्गो में बने डिवायडर के दोनो ओर धूल की मोटी परत महीनों से जमी हुई है जिसे साफ करने निगम के पास फुसर्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि बारिश थमते ही शहर से गुजरे हाईवे पर धूल की समस्या काफी बढ़ गई है। वाहनों के पहिये से धूल का गुबार दिन

### धूल के गुबार से परेशान है शहरवासी, सेहत पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव



भर रास्तों पर छाया रहता है। इससे सड़क किनारे, जिनके घर व दुकाने है वे ज्यादा परेशान है। धूल की मोटी परत रोजाना जम रही है। ज्यादा धूल उडने से अब सेहत पर खतरा मंडराने लगा विशेष कर दमा व श्वास रोगियों की परेशानी धूल के गुबार में बढ़ सकती है। बता दे कि घड़ी चौक से सिहावा चौक नया बस स्टैण्ड से अर्जुनी मोड़ तक, सिहावा चौक से कोलियारी तक रत्नाबांधा से चौक से मड़ी तक, मुजगहन तक, अम्बेडकर चौक से लक्ष्मी निवास तक, बिलाई माता मंदिर से ब्वायज स्कूल होते हुए लक्ष्मी निवास तक, सड़को पर धूल की समस्या काफी ज्यादा है। इन मार्गो पर मालवाहक भारी वाहनों का आवागमन भी होता रहता है। जिसमें दिन भर धूल उड़ते रहती है। धूल के उड़ते गुबार से स्थिति ऐसी हो गई है कि सड़क किनारे के निवासी छतों पर कपड़े व खाद्य सामाग्रियों सुखा भी नहीं पाते है। इसलिए परेशान जनता अब रोड डिवायडर के किनारे जमा मिट्टी व धूल को नियमित रुप से उठाने और धूल की समस्या से राहत दिलाने निगम से मागं कर रही है।

#### यातायात जवानों की सेहत पर मंडरा रहा खतरा

इन दिनों धूल की समस्या ज्यादा बढ़ गई है। ऐसे में शहर के प्रमुख चौक-चौराहो पर सुबह से रात तक ड्यूटी पर तैनात यातायात जवानों की सेहत पर खतरा मंडरा रहा है। दिन भर धूल की चपेट में रहने के कारण परिवार जनों को चिंता सताने लगी है कि भविष्य में श्वास चर्म या किसी अन्य प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो जाये। कई बार जवानों की आंखो में धूल के कण चले जाने की शिकायते मिलती रहती है। बाउजूद इसके वे ड्यूटी पर तैनात रहते है। धूल के कणों में राईस मिल का राखड़ भी रहता है जो ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

## वोट चोरी के बाद अब पार्टी चोरीः टीएमसी पर चुनाव आयोग के फैसले से भड़के राहुल

**नई दिल्ली, 18 सितंबर (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को लेकर निर्वाचन आयोग के फैसले पर हमला बोला। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के उपचुनावों के दौरान तृणमूल कांग्रेस के दोनों विरोधी गुटों को पार्टी का नाम और %फूल और घास% चुनाव चिह्न इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की सांविधानिक जिम्मेदारी लोगों के जनादेश की रक्षा करना है। लेकिन इसके बजाय आयोग उन्हीं ताकतों की मदद कर रहा है, जो जनता के फैसले को पलटती हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही तरीका अपनाया जाता है। भाजपा और निर्वाचन आयोग मिलकर एक पार्टी को बांटने के लिए साथ आते हैं। फिर उसका चुनाव चिह्न छीन लिया जाता है। राहुल गांधी ने कहा, जब एक पूरी पार्टी ही चुराई जा सकती है, तो यह हैरानी की बात नहीं है कि करोड़ों भारतीयों के वोट भी चुराए जा सकते हैं।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, वोट चोरी। सरकार चोरी। अब पार्टी चोरी। ये हमारे लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक बन गए हैं। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग की सांविधानिक जिम्मेदारी जनादेश की रक्षा करना है।

CMYK